भा वा अ शि प - वन उत्पादकता संस्थान

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

वन महोत्सव-2023

स्थल : तुरीगढ़ा, तोरपा, खूंटी

05.07.2023

कार्यशालाकी झलकियाँ

भावाअशिप वन उत्पादकता संस्थान राँची के निदेशक डॉ. योगेश्वर मिश्रा के निर्देशन एवं विस्तार प्रभागाध्यक्ष श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की (भा.उ.स.) के मार्गदर्शन में आजादी का अमृत महोत्सव काल में **Mission Life** के तत्वाधान में दिनांक 05/07/2023 को खूँटी के तोरपा प्रखंड के तुरीगढा गाँव में वन महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे ग्राम के लगभग 42 महिला पुरुषों ने भाग लिया।

वन उत्पादकता संस्थान के श्री बी.डी.पण्डित ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वन मानव जीवन का आधार है। वन से जल-वन से वायु और स्वच्छ जलवायु से मानव- आयु निर्धारण को समझाते हुए उन्होंने कहा कि वन से मानव जीवन के लगभग सभी आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। प्राकृतिक संसाधन मानव आवश्यकताओं को अनंतकाल तक पूर्ति कर सकता है लेकिन मानव लालच के वजह से हमारे वानिकी संसाधन के अपूर्णीय क्षति हुई है उसकी भरपाई करना हमारा दायित्व है। उन्हें वर्तमान वर्षाकाल में पौधारोपण का संकल्प दिलाया। ग्राम सभा अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र बरवा ने वन महोत्सव काल में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम के लिए संस्थान की सराहना की एवं ग्रामीणों के द्वारा प्रस्तावित 5000 पौधारोपण के लिए संस्थान से पौधों की माँग की। ग्राम प्रधान श्री अमरदीप देमता ने उपस्थित ग्रामीणों से अपील किया कि हर व्यक्ति एक पेड़ अवश्य लगायें। संस्थान द्वारा तुरीगढा में चलाए जा रहे विभिन्न परियोजनाओं की भी चर्चा की एवं लगाये गए फ्लेमेंजिया सेमियालाता पौधों पर लाह की खेती पर परामर्श की माँग की।

वन महोत्सव-2023

दिनांक 05.07.2023

संस्थान के श्री बसंत कुमार ने लोगों से पौधा लगाने की अपील की एवं परियोजनाओं से लगे पौधों की सुरक्षा की अपील की। श्री मनोज बागे (ग्राम सभा सचिव) ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संस्थान की सराहना करते हुए महुआ उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण का आग्रह किया। आरती दीदी ने भी प्रस्तावित पौधारोपण के लिए संस्थान से कुछ पौधों की माँग की।

श्री बी.डी.पण्डित ,श्री बसंत कुमार,श्री मोहित सतपथी एवं श्री अमन कुमार वर्मा के सहयोग से ग्रामीणों द्वारा 50 मीलिया डुबिया का पौधारोपण कर उसे बचाने का संकल्प लिया गया एवं संस्थान के दल द्वारा ग्राम प्रधान श्री अमरदीप देमता के द्वारा लगाये गए फ्लेमेंजिया का अवलोकन किया एवं लाह बीजारोपण के लिए आवश्यक सलाह दिया।



वन से वायु और वायु से आयु का है संबंध : बीडी पंडित

संसू, रनिया : आजादी के अमृत महोत्सव काल में मिशन लाइफ के अंतर्गत वन उत्पादकता संस्थान रांची के तत्वावधान में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन तुरीगढ़ा में ग्रामीण महिला-पुरुष किसानों की मौजूदगी में हुआ। मौके पर ग्राम प्रधान अमरदीप देमता, सुरेंद्र बारवा सहित अन्य मौजूद थे।